तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार, 25 दिसंबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



11 कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना में...





11 कुसमा में लगी डाक चौपाल दी गई विभिन्न जानकारियां




## प्रदर्शन : भारी संख्या में हाईवे में पहुंचकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

# मरघट की जमीन में तोड़फोड़ कर कब्जे का प्रयास का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तहसीलदार ने कहा, सप्ताह भर में जांच कर दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई, तब माने ग्रामीण

नगरनार स्टील प्लांट से लगे ग्राम माड़पाल में दशकों पुराने मरघट व उससे लगी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर तोड़फोड़ किए जाने से बवाल हो गया। सोमवार रात ग्रामीण सांसद महेश कश्यप के निवास पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराते हुए मामले की जानकारी दी। इसके बाद मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। चक्काजाम की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार रूपेश मरकाम व सीएसपी उदित पुष्कर ने ग्रामीणों से चर्चा की। तहसीलदार ने एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया तब ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन बंद किया। जानकारी के मुताबिक ग्राम माड़पाल में वर्ष 1946 से मरघट के लिए



आबंटित जमीन पर ग्रामीण अपनों का अतिंम संस्कार करते रहे है। इसी मरघट की जमीन व उससे लगे बाउण्ड्रीबाल में सोमवार शाम कुछ लोगों द्वारा तोड़फोड़ करते हुए कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। इसकी खबर लगने के बाद ग्रामीण एकत्रित हुए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसके बाद तोड़फोड़ कर रहे लोग वहां से चले गए। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सांसद महेश कश्यप के गृहग्राम पहुंचकर की। मंगलवार को ग्रामीण पुनः एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के नहीं पहुंचने से ग्रामीण मारकेल व कूटपदर के बीच नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन करने विश्व



हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष हरि साहू व बजरंग दल के युवा भी काफी संख्या में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे। विरोध की खबर के बाद मौके पर तहसीलदार रूपेश मरकाम व सीएसपी उदित पुष्कर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। डेढ़ घटें के जाम व विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों से चर्चा कर ग्रामीणों को कार्रवाई करने आश्वस्त करने के बाद विरोध प्रदर्शन बंद किया।

### ग्रामवासियों ने कहा-दशकों से मरघट की जमीन

विरोध प्रदर्शन कर रहे विहिप के जिला अध्यक्ष हरि साहू, माड़पाल सरपंच मन्ना नाग, गरावण्ड खुर्द सरपंच महादेव बघेल, धनपति बाग, मुन्ना बजरंगी, कैलाश ठाकुर, शिबो कश्यप, शेखर देवांगन, सुरेश कश्यप, जयराम कश्यप, भानू पटेल, तेनसिंग नेताम, विकास मोरला, महादेव बागड़े, संपत पुजारी आदि ने बताया कि माड़पाल में वर्ष 1946 से मरघट बना हुआ है। इसी मरघट व आसपास की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। यह जमीन सरकारी नजूल की जमीन है बावजूद अवैध कब्जा किया जा रहा था जिसका सभी ने विरोध किया है।

### दो बार हो चुकी रजिस्ट्री पटवारी की शिकायत

मरघट से लगी जिस जमीन के विवाद का मामला सामने आया है, रिकार्ड के मुताबिक मरघट से लगी यह निजी जमीन है जो पूर्व में दो बार रजिस्ट्री हो चुकी है। विरोध कर रहे ग्रामीणों को एक सप्ताह के भीतर जांच कर मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मौके पर पटवारी की मिलीभगत का आरोप लगाया है इसकी भी जांच की जा रही है।

**रूपेश मरकाम**
तहसीलदार जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के वार्ड प्रभारी तलाशेंगे पार्षद के लिए योग्य प्रत्याशी



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में वार्ड प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की बैठक आहुत की गई। बैठक में वार्ड प्रभारियों को निगम चुनाव में प्रत्येक वार्ड में विजय दिलाने तक मुस्तैदी के साथ डटे रहने के लिए कहा गया। सभी प्रभारियों एवं सह प्रभारियों से वार्ड में बैठक कर योग्य, मिलनसार एवं जिताऊ प्रत्याशियों की सूची तैयार करने एवं पार्षदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करने को कहा गया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रामशंकर राव, जतिन जायसवाल, राजीव शर्मा, मनोहर लूनिया, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, अतिरिक्त शुक्ला, प्रकाश अग्रवाल, शंकर राव, सत्तार अली, अनवर खान, राजेश चौधरी, कैलाश नाग, जाहिद हुसैन, रवि शंकर तिवारी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### किसान यूनियन ने सोसायटियों में तौल में कमी का लगाया आरोप



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय किसान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रमेश गोयल और संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार और अन्य किसानों की उपस्थिति में कमिश्नर को लेम्पस में धान खरीदी पर हो रही गड़बड़ी और अन्य सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों को जो परेशानियां आ रही है। तौल में गड़बड़ियां होने से किसानों को एक से डेढ़ किलो का नुकसान हो रहा है। धान खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव नहीं होने के कारण धान तौल के लिए जगह नहीं हो पा रहा है। धान खरीदी केन्द्रों में लेबर द्वारा कार्य कराया जाता है, लेकिन उपयुक्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध नहीं है और ना ही किसानों के लिए अन्य सुविधा उपलब्ध है। किसानों की मुख्य समस्या यह है कि एक मुश्त धनराशि जमा नहीं हो रहा है, सरकार यह घोषणा था 3100 रुपया देने का वादा था, लेकिन किसानों के खाते में 2300 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से दिया जा रहा जिससे किसान परेशान है।

# चीतल का शिकार करने वाले 5 गिरफ्तार, 5 आरोपी फरार

## चीतल मारकर बंटवारा करते समय पकड़ाए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दरभा

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के कोटमसर परिक्षेत्र में वन विभाग ने बीती रात चीतल का शिकार करने वाले पकड़ाए। वन विभाग की उड़नदस्ता, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की टीम ने मौके पर पहुंचकर 5 को गिरफ्तार किया है। अन्य 5 आरोपी फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कोटमसर परिक्षेत्र के जंगलों में शिकारियों का एक समूह सक्रिय है। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित की और गश्ती दल को अलर्ट पर रखा। सोमवार की शाम 4 बजे मुखबिर द्वारा मिली सूचना के अनुसार उड़नदस्ता प्रभारी एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, कोटमसर एवं दैनिक श्रमिक के साथ संयुक्त गश्ती किया गया। प्राप्त अनुसार कक्ष क्रमांक 85, 86 का गश्त किया ▶▶| शेष पेज 11 पर

### अंधेरे का फायदा से फरार हुए आरोपी

अधिकारियों के अनुसार 5 आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल के भीतर फरार हो गए। उनकी तलाश के लिए क्षेत्र में सघन खोज अभियान चलाया जा रहा है। फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाएगी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, धारा 9, धारा 27, धारा 29, धारा 39, धारा 50, धारा 51 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शिकार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी

वन विभाग कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह द्वारा वन्यजीव अपराध अवैध शिकार रोकने हेतु वन अमलो को तत्पर रहने एवं स्थानीय लोगों से सहयोग करने की अपील की गई है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी गई कि राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में अवैध कटाई, वन्यजीवों का शिकार करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मामले में वन विभाग और स्थानीय पुलिस मिलकर फरार आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है।

# नगर निगम चुनाव में पूर्ववत 12 वार्ड आरक्षित करने मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरपालिका निगम जगदलपुर के वार्ड आरक्षण प्रक्रिया के आंतर्गत अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या घटाने से समाज के सदस्यों में व्याप्त आक्रोश तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए पूर्ववत 12 वार्ड आरक्षित करने मांग की। इस पर कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग पूरा करने की मांग की। मांग पूरा नहीं होने पर समाज रोड की लड़ाई करेगी साथ ही कोर्ट में याचिका करेंगे। उक्त बातें ओबीसी महासभा संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु, बलराम यादव, तुलसी राम ठाकुर, हरीश साहू, बिसाई ने मंगलवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 में नगर पालिक निगम, जगदलपुर का गठन किया गया था, जिसका

### 3 नपा में आरक्षण जीरो सीट

*समाज के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु ने कहा कि बस्तर संभाग के नगरपालिका कोंडागांव, बीजापुर एवं सुकमा में नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण में ओबीसी को जीरो सीट दी गई है। वहां भी ओबीसी की सीट देना चाहिए।*

प्रथम निर्वाचन 2004 में छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य नगरीय निकायों के साथ हुआ था। प्रथम निर्वाचन के समय नगरपालिक निगम, जगदलपुर के वार्डों की संख्या 40 थी। नगर निगम बनने के पश्चात हुए प्रथम निर्वाचन के समय से ही अन्य पिछड़े वर्गों को उपयुक्त वैधानिक अधिकार छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम 1956 के प्रावधानों के तहत आरक्षण के माध्यम से प्राप्त होता रहा है। इस प्रतिनिधित्व के माध्यम से सदन ▶▶| शेष पेज 11 पर

# घाटपदमूर में मनाया गया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य विभाग के सहयोग से ग्राम घाटपदमुर के पंचायत भवन में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण अंचल के निवासियों को उपभोक्ता जागरुकता के संदर्भ में आवश्यक एवं जरूरी जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के निवासी दैनिक जरूरत के सामान, कपड़े, वाहन और कृषि उपयोगी यंत्र, खाद, बीज के उपभोक्ता होते हैं और इन सुविधाओं के प्रति सेवाप्रदाता द्वारा किसी भी प्रकार की कमी किए जाने पर ग्रामीण अंचल के निवासी जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य सीमा गोलछा ने बताया कि वर्तमान परिवेश में ग्रामीण क्षेत्रों में भी मोबाइल, टीवी जैसी उपभोग की वस्तुओं का प्रचलन बढ़ा है और इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में खराबी आने पर ग्रामीण इसकी शिकायत आयोग के समक्ष कर सकते हैं। कार्यक्रम में सहायक खाद्य अधिकारी दिव्या रानी, खाद्य निरीक्षक पायल वर्मा, ग्राम घाट पदमूर के सरपंच लखीधर बघेल, सचिन रतन बघेल, जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अनंत वैद्य, सुबीर रंजन शाह, भारतभूषण टंडन, अभिषेक तिवारी, संतोष देवांगन एवं नरपत बघेल सहित ग्रामीण शामिल रहे।



# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी मेहनत और लगन से करें पढ़ाई : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ज्ञानगुड़ी में नीट और जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों का किया उत्साहवर्धन
- ऑनलाइन पढ़ाई के लिए जरूरत के अनुरूप कम्प्यूटर उपलब्ध कराएं

कमिश्नर डोमन सिंह ने मंगलवार को धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी में नीट और जेईई प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग का जायजा लिया और यहां पर नीट एवं जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कमिश्नर ने कोचिंग कक्षाओं में इन बच्चों से रूबरू होकर उनकी पढ़ाई एवं अन्य सुविधाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन जरूरी है। अभी जो अवसर है उसका बेहतर उपयोग करें। वर्तमान में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसे मद्देनजर रखते हुए प्रवेश परीक्षा के पैटर्न पर श्रेष्ठतम तैयारी करें। उन्होंने इन बच्चों को आगामी प्रवेश परीक्षाओं में सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं देते हुए अपने गांव, घर और क्षेत्र का नाम रौशन किए जाने की समझाइश दी।



### संस्थान में 130 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे

वर्तमान में संस्थान में 130 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। इस संस्थान से कई छात्र-छात्राएं सफल होकर मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज सहित नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। इस मौके पर संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा संजीव श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी और अध्यापकगण उपस्थित थे।

कमिश्नर ने ज्ञानगुड़ी में कोचिंग लेने वाले बच्चों की ज्यादा संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष सहित ऑनलाइन पढ़ाई के लिए जरूरत ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कबड्डी स्पर्धा में कोरबा पश्चिम विजेता व बिलासपुर उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खेल को खेलभावना से खेलना चाहिए। खेल में हार कोई मायने नहीं रखती, हारने वाली टीम भी जीतने वाली टीम के बराबर की ही मानी जाती है। विजेता टीम के मुकाबले हारने वाली टीम को और अधिक प्रयास करने चाहिए ताकि अगले मुकाबले में विजय हासिल कर सके। उक्त बातें स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड की ओर से अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के सोमवार को समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के



कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुबह-शाम खेलना चाहिए, खेल से शरीर स्वस्थ्य रहता है। स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड की ओर से शहर के गीदम रोड स्थित कंपनी के प्रशासनिक भवन एवं कल्याण संघ परिसर में 21 से 23 दिसंबर तक अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 खिलाड़ियों की टीम पहुंची, जिसमें जगदलपुर क्षेत्र, कोरबा पश्चिम, राजनांदगांव क्षेत्र, मड़वा क्षेत्र, रायपुर सेंट्रल, कोरबा पूर्व, बिलासपुर क्षेत्र, दुर्ग क्षेत्र एवं रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल रही। अंतिम दिन कोरबा पश्चिम एवं बिलासपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों की बीच फायनल खेला गया, जिसमें कोरबा पश्चिम विजेता और ▶▶| शेष पेज 11 पर

# आरक्षण में पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से समाज के लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़ के नेतृत्व में तथा बस्तर जिला अध्यक्ष गदाधर वैद्य की उपस्थिति में सोमवार को संभाग आयुक्त और कलेक्टर को राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री , राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया।

बस्तर संभाग के 7 जिले और दुर्ग संभाग के 2 जिले मोहला मानपुर और बालोद में तथा धमतरी के साथ कुल 10 जिला में ज्ञापन एक साथ दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि पंचायती राज अधिनियम के तहत 2024 में आरक्षण को



संशोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत को शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है, जो कि बस्तर संभाग संभाग एवं दुर्ग संभाग के मोहला मानपुर एवं बालोद जिला के पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए लगभग ▶▶| शेष पेज 11 पर














## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


ANIMESH DAS (VICCKY)
Merry Christmas
PLUS CONSTRUCTION
ENGINEERS, CONSULTANTS & CONTRACTORS
NEAR CMO OFFICE, JOSHI GALI, SHANTINAGAR, JAGDALPUR. MOB- 9479094212



MERRY CHRISTMAS
"Glory to God in the Highest"
Wish you all peace & Joy of Merry Christmas
& Prosperous New Year 2025
Management,
Deepti Convent Hr. Sec. School
(English & Hindi Medium)
Affiliation No- 3330205, School Code-15066
Address-Aghanpur, Jagdalpur, Dist-Bastar


WISDOM
Merry Christmas
May the Christmas Season
bring only happiness and joy
to you and your family.
GYANODAYA HIGH SCHOOL
Adawal, Jagdalpur, Dist. Bastar C.G. Ph: 0778226916


विद्या ज्योति स्कूल परिवार
की ओर से क्रिसमस एवं नववर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं
WISHING YOU
MERRY
Christmas
AND HAPPY
New Year
VIDYA JYOTI Sr. Sec. SCHOOL
Danteshwari Ward 20, Geedam Road, Jagdalpur
Ph: 9826209021, vidyajyotijagdalpur.in
vidyajyotijdp@gmail.com


मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व
न्योछावर करने वाले प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिवस
क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy
Christmas
डॉ. सुदीप कुमार खेस
श्रीमती प्रियंका
बेबी प्रिशा
क्रिसमस की ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉ. सुदीप कुमार खेस
(एनर्जी हीलर एवं हिप्नोथेरेपिस्ट)
https://youtube.com/@drsudeepkumarkhesshypnot-vw2xz?si=U7ofQKakLqMeeqHi
Link


आप सभी को परस्पर
प्रेम, सौहार्द और
भाईचारे का पवित्र त्योहार
क्रिसमस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
प्रभु ईसा मसीह आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और
खुशियों का संचार करें यही मंगलकामना है।
इस नगरी निकायों के चुनाव में चुनाव लड़कर
जनता का प्रतिनिधित्व करने के लिए संपर्क करें।
9407750005
नवनीत चांद बस्तर का बेटा
मुख्य संयोजक बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा
संभाग अध्यक्ष जनता कांग्रेस(जे)


मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले
प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिवस
क्रिसमस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभु इशु के पवित्र पर्व क्रिसमस की आप सभी को बधाई...
परमेश्वर के पवित्र मार्ग का अनुसरण करें
वो सदैव आपके साथ है...
अपने बन्दों के सर पर उसका हमेशा हाथ है...
उदयनाथ जेम्स
नेता प्रतिपक्ष
नगरपालिक निगम जगदलपुर
पार्षद शांतिनगर वार्ड क्रं.-25

## खबर संक्षेप



### धनोरा में नवनिवाचित अध्यक्ष ने ली भाजपा मंडल की बैठक

**धनोरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनोरा की नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने आज बैठक ली। स्थानीय बस स्टैंड में मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश यादव , धरम सिंह राणा , कुबेर बघेल, बोधन नेताम, सहादेव कुमेटी, राम यदु, जयेश उईके, सुकलू मण्डावी, चौधरी जायसवाल , राकेश पोटाई , शीतेश सिन्हा, बादराय पोटाई , सोनसाय उईके सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### हरवेल से गम्हरी को जोड़ने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील



**केशकाल।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल से गम्हरी को जोड़ने वाली सड़क इन दिनों बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई है। जगह जगह पर गड्ढे होने से यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार लगभग दो महीने पहले केशकाल घाटी का मरम्मत का कार्य चल रहा है। बड़े वाहनों को इस रास्ते से प्रतिबंध किया गया है। हरवेल तराईबेंडा पिटीसपाल तितरवंड पिढापाल, गम्हरी जाने वाले वाहन इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। बड़े बड़े ट्रक, ट्रैक्टर टीपर, इस रास्ते से होकर जाते हैं। इस रास्ते पर आने जाने वाले को परेशानी झेलनी पड़ती है। बड़े हादसे को आमन्त्रित करने का अंदेशा जताया जा रहा है। जगह जगह पर सड़कों पर दरार देखने को मिल रही है। धूल से भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सुधार की मांग की है।

### जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों का आरक्षण 28 को

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधान एवं विभागीय अनुदेश एवं निर्देशों के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण करा ली गई है। जिले के ग्राम पंचायत के वार्ड, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्यों का आरक्षण किया जाना है। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए वार्ड और पदों का आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसंबर को किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच, वार्ड पंचों का आरक्षण की प्रक्रिया जनपद पंचायत कोण्डागांव, माकड़ी, फरसगांव, केशकाल, बड़ेराजपुर के सभाकक्ष में 28 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जबकि जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पदों के आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 28 दिसंबर को सुबह 12 बजे से होगी।


**उपलब्धि : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिया 20 लाख का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र**

# कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना में कोण्डागांव जिला अस्पताल को राज्य में मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- प्रदेश के सभी 33 जिलों की शासकीय संस्थाओं ने लिया था भाग

जिला अस्पताल कोण्डागांव ने ''कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना'' 2023–24 में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 20 लाख का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर छग के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पुरे प्रदेश में 33 जिलों के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्था ने भाग लिया जिसमें जिला अस्पताल कोण्डागांव ने 93.23 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में दुसरा स्थान प्राप्त किया। कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना का क्रियान्वयन अस्पतालों में साफ सफाई एवं स्वच्छता को बढ़ानें तथा संक्रमण रोकने के लिये किया जाता है। इस



योजना के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं को अस्पताल का रख रखाव, स्वच्छता और साफ सफाई, वेस्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सेवायें, हायजीन प्रमोशन, बाउन्ड्री वाल के आस पास साफ सफाई, इको फ्रेन्डली अस्पताल जैसे 8 मानक स्तर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। कायाकल्प योजना तीन चरणों में पूर्ण होता है जिनके अंतिम चरण में राज्य द्वारा गठित समिति के मुल्यांकन पश्चात स्वास्थ्य संस्था का चिन्हांकन पुरस्कार के लिए चयन किया जाता है। इस समान समारोह का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर छ.ग. द्वारा स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपाई ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यह उपलब्धि कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग कोण्डागांव ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान प्राप्त किया है।

### ये रहे उपस्थित

इस सम्मान समारोह में जिले तरफ से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के सिंह, स्वास्थ्य विभाग की टीम में जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर, डीपीएम भावना महलवार, डॉ. बसंत तोड़े, अस्पताल सलाहकार डॉ.सौरभ कोचर, स्टाफ नर्स हर्षा चौहान, फार्मासिस्ट प्रशांत अचार्य, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.पदम बघेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग का शोषण, आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- वारदात को अंजाम देकर आरोपी हो गया था फरार

कांकेर जिले के अनंतपुर थाना पुलिस ने नाबालिग0के दैहिक शोषण के मामले में फरार आरोपी सोयंबर उर्फ सोयम जानी को ओडिशा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार 4 दिसंबर 2024 को पीड़िता के परिजनों ने अनंतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी सोयंबर उर्फ सोयम जानी 24 वर्ष ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दैहिक शोषण किया। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 366, 376(2)(ढ), 506 और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी अपने गांव से फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में अनंतपुर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने ओडिशा के नवरंगपुर जिले के उमरकोट थाना अंतर्गत ग्राम सोरागुड़ा में दबिश देकर आरोपी को 24 दिसंबर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश धीवर, उपनिरीक्षक अभिराम मेश्राम और उनकी टीम के सदस्यों छबीलाल कोर्राम, भूपेन्द्र मरकाम, भावेश मंडावी, नेमीचंद भंडारी, शालिक कश्यप, मनराज वट्टी, सोपसिंह मरकाम, चेतन मरकाम, विनेश सोरी, गितेश सेठिया, दिनदयाल सोनवानी और सुखदेव ध्रुव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सुशासन दिवस पर आज होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर ने तैयारी के संबंध में दिए निर्देश

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस सुशासन दिवस पर बुधवार को जिले में भव्य आयोजन होगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय–सीमा की बैठक में सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी अटल चौक और ग्राम पंचायत में गरिमामयी ढंग से कार्यक्रम का आयोजन कर सुशासन दिवस मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विकासखण्डवार स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी अपने निर्धारित गांव में जाकर जमीनी स्तर पर आवास निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लें।



साथ ही जो हितग्राही आवास बनाना प्रारंभ नहीं कर पाए हैं, उनसे कारणों की जानकारी लें और उन्हें जल्द शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के आरक्षण के लिए दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए निर्धारित तिथि को नियमानुसार आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण करने और चुनाव के लिए आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित करने के लिए सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देशित किया।

उन्होंने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे साक्षरता अभियान की जानकारी ली और उल्लास पोर्टल में शिक्षार्थियों और स्वयंसेवी शिक्षकों की एंट्री में तेजी लाते हुए एक सप्ताह के भीतर पूर्ण के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जन औषधी केन्द्र शुरू करने की तैयारी की जानकारी, सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन कार्य और जनपदवार शेड निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में समय–सीमा में लंबित आवेदनों पर कार्यवाही की प्रगति की जानकारी ली गई। इस अवसर पर डीएफओ आरके जांगड़े व एन गुरूनाथन, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर फरसगांव थाना पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई कर रही हैं। थाना क्षेत्र में अवैध नशेली मादक पदार्थ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुये 23 दिसम्बर को मुखबीर सूचना पर जुगानी कैंप निवासी आसतोस बर्मन अपने घर बरामदा में अवैध रूप गांजा बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना पर जुगानी कैंप आसतोस बर्मन के घर बरामदा में घेराबंदी की गई। मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति ग्राम जुगानी कैंप आसतोस बर्मन के घर बरामदा में एक झिल्ली एवं एक प्लास्टिक के डिब्बा में गांजा के साथ पकड़ा गया। आरोपी के नाम पता पूछने पर अपना नाम आसतोस बर्मन पिता जितेन्द्र बर्मन उम्र 48 वर्ष निवासी जुगानी कैंप थाना फरसगांव का रहने वाला बताया। जिसके



कब्जे से कुल 1.282 किलोग्राम गांजा कीमत 10 हजार रुपए जब्त कर एनडीपीएस की धारा 20 बी के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार रिमाण्ड पर जेल भेजा गया हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि किशोर प्रजापति, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी, रतिराम मण्डावी, नारायण शार्दूल, म.आर. हेमेश्वरी शार्दूल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कुसमा में लगी डाक चौपाल दी गई विभिन्न जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमा में भारतीय डाक विभाग द्वारा 24 दिसंबर को डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रेम सिंह पोयाम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती निराशा कोर्राम सरपंच कचोरा, श्रीमती आशा देवी पोयाम सचिव, श्रीमती जग्गो बघेल, योगेश कुमार देवांगन रोजगार सहायक, श्रीमती ममता श्रीवास्तव जग्गू सोढ़ी, घुड़राम दीवान शामिल हुए हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात का अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया



गया। इस मौके पर उप संभागीय निरीक्षक डाकघर आरएस मिश्रा ने डाकघर में उपलब्ध सुविधा एवं विभिन्न बचत खाता एवं बीमा के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया एवं बचत की भावना विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने यह भी बताया कि डाक चौपाल भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रत्येक माह आवश्यकतानुसार ग्रामीणों की मांग पर आयोजन किया जाता है। डाक विभाग की सेवाओं को जन जन तक पहुँचाने एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को मुख्य अतिथि ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

### इनका रहा विशेष सहयोग

डाक चौपाल को सफल बनाने मुख्य रूप से पोस्ट मास्टर बानोथ राविंदर, डिकेश मिर्झा, नईम खान, भारत साहू, विदोस दिवान, पीतम बागड़े, मनीष साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर गांव के महिला पुरुष व बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित कोंडागांव उपसंभाग के समस्त ग्रामीण डाक सेवक शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष...

### चीतल का शिकार...

गया। गश्त के दौरान कक्ष क्रमांक-86 में ग्रामीणों द्वारा चीतल मारकर उसे भूंजकर, काटकर हिस्सा बंटवारा किया जा रहा था तथा कुछ मांस लगभग 3 किलो पकाया जा रहा था। इतने में उद्यान के एसडीओ कमल नारायण तिवारी के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता प्रभारी एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मनहर सिंह बघेल, पीतवास भारती की टीम ने 5 अपराधियों को धर दबोचा और 5 आरोपी फरार हो गए। साथ ही चीतल के मिले मांस और हथियारों को कोटमसर परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया एवं वेटनरी डॉक्टर को बुलाकर मांस की जांच की प्रक्रियाधीन है। शिकार में शामिल 10 आरोपीयों में से 9 ग्राम कोटमसर एवं एक नागलसर ग्राम के निवासी है, जिसमें कोटमसर निवासी कमल साय, किशन, भूरसू, सामू, कोया, दशमू, राजू, हरि, रामधर एवं नागलसर निवासी आशीष हैं।

### नगर निगम चुनाव...

में समाज की मांग मुखरता से रखी जाती रही। वर्ष 2014 में नगरपालिक निगम के वार्डो की संख्या 40 से बढ़ाकर 48 की गई थी। वर्ष 2014 तथा 2019 में परिसीमनों के पश्चात हुए वार्ड आरक्षण प्रक्रिया के दौरान अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या 12 थी इन दोनों ही वर्षों में आठ वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) थे तो चार वार्ड इस वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित थे। वर्ष 2024 में अन्य पिछड़े वर्ग के लिए अवार्ड में आरक्षित स्थानों की संख्या पूर्व के दोनों कार्यकाल के मुकाबले घटा दी गई है अब यह 12 से घटाकर 9 कर दी गई है। समाज के लोगों में राज्य सरकार के इस निर्णय के प्रति गहन आक्रोश एवं नाराजगी व्यक्त हो रही है। अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या पूर्ववत 12 किए जाने से इनमें से 4 स्थान (वार्ड) महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। परिणाम स्वरूप अन्य पिछड़े वर्ग की महिलाओं की आवाज न केवल सदन में ज्यादा गूंजेगी, उनकी मांग प्रमुखता से रखी जाएगी अपितु राजनीतिक प्रतिनिधित्व के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा। नगर पालिक निगम क्षेत्र जगदलपुर के अन्य पिछड़े वर्ग समाजों के प्रतिनिधि के तौर पर हमारी यह मांग है कि अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या घटाने से समाज के सदस्यों में व्याप्त आक्रोश एवं नाराजगी को दूर करते हुए अन्य पिछड़े वर्गों के लिए पूर्ववत 12 वार्ड आरक्षित किए जाने की मांग की।

### प्रतियोगी परिक्षाओं के...

के अनुरूप कम्प्यूटर की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। साथ हीं अध्यापन हेतु आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान अवगत कराया गया कि इस ज्ञानगुड़ी में बस्तर जिले के साथ ही अन्य जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को नीट एवं जेईई प्रवेश परीक्षा के लिए विभागीय शिक्षकों के माध्यम से कोचिंग प्रदान किया जा रहा है।

### कबड्डी स्पर्धा में टीम...

बिलासपुर विजेता रही। प्रतियोगिता में अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, दिलीप कुमार सैनी, एसके ध्रुव, सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी, पन्ना अहिरवार, एसआर भद्रे, अरविंद खोबरागड़े आदि शामिल रहे।

**फुटबॉल खिलाड़ी अभ्यास करें-** विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने कहा कि आगामी वर्ष कंपनी के अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसलिए फुटबॉल खिलाड़ी अभ्यास करें, जिससे जगदलपुर की टीम विजयी हो ऐसा प्रयास करें।

### आरक्षण में पिछड़ा...

शून्य है। 50 प्रतिशत आरक्षण बस्तर एवं सरगुजा संभाग को नहीं मिल पा रहा है। पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में सीटों का आरक्षण लागू किया जा रहा है आरक्षण रोस्टर के अवलोकन से स्पष्ट है कि विगत चुनाव के मुकाबले 2024 के आरक्षण रोस्टर में ओबीसी वर्ग के सीटों की संख्या काफी कम हुई है। ऐसा आरक्षण किस आधार पर हुआ है? आरक्षण व्यवस्था पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है जिसका सुधार किया जाना अति आवश्यक है। पत्र में सात दिवस के भीतर चार सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग किया गया। अगर मांग पूरा नहीं हुआ तो 30 दिसंबर को बस्तर संभाग के समस्त जिला मुख्यालयों में छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग के नेतृत्व में महाबंद एवं चक्का जाम का आयोजन किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान समाज प्रमुख कारिया राम दीवान प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष गदाधर बैध, जागेश्वर सिंह ठाकुर संभागीय संरक्षक, दयाराम ठाकुर संरक्षक बस्तर जिला, मानिक पंत जिला सचिव, गेंदालाल सोनी संगठन सचिव, सुरेंद्र सोनी, प्रदीप बघेल समेत समाज के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### अटल परिसर का भूमिपूजन आज

**जगदलपुर।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अटल परिसर का विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमिपूजन 25 दिसम्बर को शहर के वीर सावरकर भवन में होगा।

### सर्व आदिवासी समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** छग सर्व आदिवासी समाज लोहण्डीगुड़ा ने ईसाई मिशनरीयों के द्वारा पेसा कानून के विपरीत कार्य करने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गांवों में शांति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सद्भावना को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के जिन ग्रामों में गैर कानूनी चर्च बनाया गया है। वहां रोक लगाने की मांग किया गया है। इस दौरान छग सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष लोण्डीगुड़ा राजू राम कश्यप, सचिव गोन्चू राम कश्यप एवं राजेश पोयाम, ताती पोयाम उपस्थित रहे।

### 7 सौ साल पुराने शिव मंदिर में आज भी पहुंचते हैं श्रद्धालु



**जगदलपुर।** बस्तर जिला के चिन्गीतराई शिव मंदिर की शैली अद्भुत और अलौकिक है। यह शिवालय मध्य बस्तर जिले में कटेकल्याण-जगदलपुर मार्ग पर कटेकल्याण से 15 कि मी की दुरी पर गुमड़पाल गांव के पास सिंगईगुडी.नामक स्थल पर है। ऊंचे चबूतरे पर निर्मित यह शिवालय 13-14 वीं शती ईस्वी के बीच काकतीय वंश के राजाओं के राज्यकाल में इसका निर्माण हुआ है। यह शिवालय क्षेत्रीय स्थापत्य कला का सुंदर उदाहरण है।

### ग्रामीणों के लिए 25 शौचालय स्वीकृत

**जगदलपुर।** प्रशासन गांव की ओर पहल के अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायत-लेण्ड्रा के ग्रामीणों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्रस्तुत आवेदन पर त्वरित कार्यवाही कर स्वीकृति प्रदान की एवं उपमुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित कार्यवाही कर स्वीकृति प्रदान की गई हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा 8 दिसंबर को बस्तर जिले के प्रवास के दौरान विकासखण्ड लोहण्डीगुडा अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़ांजी 1 में हल्बा समाज सामुदायिक भवन में महिला एवं पुरूष शौचालय निर्माण की घोषणा किया गया था तथा विकासखण्ड दरभा अन्तर्गत ग्राम पंचायत लेण्ड्रा के 25 परिवारों के घरों में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु जिला प्रशासन को आवेदन किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायत-लेण्ड्रा के 25 ग्रामीणों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृति प्रदान की गई।

## कमिश्नर ने की नेरली एवं धुरली जल प्रदाय योजना की समीक्षा

# लाल पानी के प्रभाव को रोकने विशेषज्ञ समिति गठित करने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा है कि दंतेवाड़ा जिले के नेरली और धुरली जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से

- **नेरली-धुरली जल प्रदाय योजना के सभी गांवों में पेयजल आपूर्ति करें सुनिश्चित**

ईलाके के सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। इस दिशा में जिन गांवों में पाईप लाईन विस्तार तथा अन्य कार्य प्रगति पर हैं, उसे जल्द पूर्ण करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उक्त दोनों योजनांतर्गत जलापूर्ति हेतु ईलाके के सभी गांवों का सेचुरेशन शीघ्र सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के बैलाडीला आयरन ओर प्रोजेक्ट के खनन क्षेत्र के ईलाके में लाल पानी के प्रभाव को रोकने हेतु स्थायी समाधान जरूरी है, इसे मद्देनजर रखते हुए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा। कमिश्नर सोमवार को आयुक्त कार्यालय के सभागार में नेरली एवं धुरली जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति सहित खनन क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में लाल पानी के प्रभाव को रोकने सम्बन्धी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे।



**लाल पानी के प्रभाव को रोकने होगा स्थायी समाधान**

कमिश्नर ने दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत एनएमडीसी के बैलाडीला आयरन ओर प्रोजेक्ट के अधिकारियों को खनन क्षेत्र के ईलाके में लाल पानी के प्रभाव को रोकने के लिए स्थायी समाधान सुनिश्चित करने निर्देशित करते हुए कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी है। वहां के वाशिंदों को इस समस्या से पूरी तरह निजात दिलाएं, विशेषकर ग्रामीणों एवं किसानों को जो प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं उनकी उर्वर खेती की भूमि का जतन सर्वाधिक जरूरी है। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर लाल पानी के प्रभाव को रोकने के लिए समुचित और स्थायी समाधान आवश्यक है और इस हेतु राज्य स्तर से पहल किए जाने की स्थिति को देखते हुए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा। उक्त विशेषज्ञ समिति में तकनीकी विशेषज्ञों को भी शामिल किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस विशेषज्ञ समिति के प्रतिवेदन के अनुरूप सभी समन्वित कार्यवाही एवं पहल किए जाएंगे। उन्होंने इस दिशा में अभी चल रहे सभी कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने नेरली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत शामिल 8 गांवों में से शेष 5 गांव बेंगपाल, मदाड़ी, चोलनार, कलेपाल और समलवार में पाईपलाइन विस्तार सहित अन्य सभी कार्यों को जल्द पूर्ण किए जाने कहा। साथ ही टेस्टिंग करने के बाद पेयजल आपूर्ति शुरू किए जाने के निर्देश दिए। वहीं धुरली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत शामिल 17 गांवों में नियमित तौर पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान में गंजेनार एवं मसेनार में नियमित जल प्रदाय के लिए जो कार्य प्रगतिरत हैं, उसे शीघ्र पूर्ण कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि नेरली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत शामिल 8 गांवों में से वर्तमान मे नेरली, बेहनार, पिनाबचेली में जलापूर्ति किया जा रहा है। वहीं धुरली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत शामिल 17 गांवों में से गमावाड़ा, धुरली, भांसी, पोरोकमेली, बड़े कमेली, दुगेली, खुटेपाल, श्यामगिरी, नकुलनार, कुंआकोण्डा, हल्बारास, मोखपाल, मैलावाडा, हितावर एवं गोंगपाल में नियमित रूप से जलप्रदाय किया जा रहा है। इन दोनों योजनाओं में शामिल शेष ग्रामों में प्रगतिरत कार्यो को जल्द पूर्ण करने के पश्चात इन गांवों में जलापूर्ति की जाएगी। बैठक में डिप्टी कमिश्नर श्री बीएस सिदार, मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बस्तर परिक्षेत्र श्री हेमराज मर्सकोले सहित पीएचई परियोजना खण्ड जगदलपुर तथा पीएचई दंतेवाड़ा के अधिकारी और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम बचेली एवं किरंदुल परियोजना के अधिकारी मौजूद थे।

# खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव जल्द करवाएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले में धान खरीदी की व्यवस्था में बारदाने की उपलब्धता

- **अवकाश के दिनों में भी हमालों की व्यवस्था करने के निर्देश**

सुनिश्चित करते हुए खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव जल्द करवाएं। समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का नियमित उठाव के लिए अवकाश के दिनों में भी हमालों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने टीओ कटवाने की स्थिति और खरीदी केंद्रों में धान जाम की स्थिति का भी समीक्षा किए। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किए।

कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के लिए की जा रही डाटा का एंट्री कार्य की समीक्षा की और डाटा को ग्राम पंचायतवार जानकारी के आधार पर अपडेट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्रणी बैंक, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्योग, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन विभाग दूरसंचार, क्रेडा तथा ऊर्जा विभाग के योजनाओं को सेचुरेशन करने कहा। कलेक्टर ने सातों ब्लॉक के एक-एक गांव को चिंहाकित कर सेचुरेशन के लिए 27 दिसंबर से शिविर आयोजित कर योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना का बेहतर क्रियान्वयन करे। साथ ही योजना के हितग्राहियों की मृत्यु होने पर संबंधित का नाम कटवाने की कार्यवाही कर पंजी संधारित करें। खाद्य विभाग के अधिकारियों से खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए दिसंबर एवं जनवरी माह के भंडारण समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होने धान खरीदी की व्यवस्था में बारदाने की उपलब्धता के संबध में संज्ञान लेते हुए खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव जल्द करवाने कहा। अवकाश के दिनों में भी लोडिंग करवाने हेतु हमालों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने पीडीएस बारदाना संकलन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी पीडीएस दुकानों में बारदाना की उपलब्धता की जांच पटवारी से करवाकर जानकारी देने के निर्देश दिए।

# वर्चुअल मीटिंग में संगठन की मजबूती पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ बंगाली समाज का प्रदेश स्तरीय वर्चुअल गूगल मीटिंग का आयोजन हुआ। ग्राम कमेटी, ब्लाक कमेटी तथा जिला कमेटी का गठन

- **ओरना कैम्प में संभागीय सम्मेलन बसंत पंचमी के दिन होगा**

प्रदेश स्तर पर करने के साथ सदस्यता अभियान प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल, प्रदेश महासचिव नारायण दास, प्रदेश कोषाध्यक्ष अध्यक्ष विजय दत्ता की उपस्थिति में कई विषयों पर चर्चा के उपरांत निर्णय लिया गया।

अजय कुमार विश्वास ने महासमुंद नदी मोड़ पर बसे बंगाली ग्राम में ग्राम कमेटी का गठन 25 सदस्यों के साथ संपन्न किया। महासमुंद जिला कमेटी और सुकमा जिला ग्राम कमेटी का गठन भी किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने कहा है कि आगामी प्रदेश स्तरीय संभागीय सम्मेलन बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में जगदलपुर के ओरना बंगाली कैंप में आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए लगातार रविवार को वर्चुअल मीटिंग किया जाना आवश्यक है।




# अलंकृता अंडर 11 में प्रथम

**जगदलपुर।** स्मार्ट गर्ल नेशनल फीडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन राजनांदगांव में किया गया जिसमें बस्तर जिले से अलंकृता मोहराणा और पूर्णिमा ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नेशनल स्तर के दिग्गज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कर्नाटक विजेता रही। बस्तर की अलंकृता अंडर 11 वर्ग में प्रथम स्थान पर रही और अंडर 15 में पूर्णिमा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर बस्तर का नाम गौरवान्वित किया। जिला शतरंज संघ के सभी पदाधिकारियों ने दोनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना की। जिला शतरंज संघ बस्तर के अध्यक्ष ने बच्चों के अभिभावकों की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों को ऐसे ही प्रोत्साहित करते रहने की आवश्यकता है। अब शतरंज में बस्तर का नाम प्रदेश और देश में धीरे-धीरे लोग जानने लगे हैं अब वह दिन दूर नहीं जब बस्तर के खिलाड़ी नेशनल के साथ इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भी बस्तर का नाम रोशन करेंगे।

# अधिवक्ता संघ में मना रफी का 100वां जन्मशताब्दी वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





जिला अधिवक्ता संघ जगदलपुर में रफी के 100वें जन्मशताब्दी के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले रफी के तस्वीर में माल्यार्पण कर अधिवक्ता नवीन ठाकुर ने बताया कि मोहम्मद रफी जिन्हें दुनिया रफी या रफी साहब के नाम से बुलाती है, हिन्दी सिनेमा के श्रेष्ठतम पार्श्व गायकों में से एक थे। इन्हें शहंशाह-ए-तरन्नुम भी कहा जाता था। मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसम्बर 1924 को कोटला सुल्तान सिंह, अमृतसर में हुआ था। इन्हें घर में सब प्यार से फिक्को बुलाया करते थे। उन्होंने अपने करियर में करीब 28 हजार गाने गाए।

- **बड़ी दूर से आये हैं प्यार का तोहफा लाये हैं जैसे गीत गाए**

शशांक ठाकुर ने सौ बार जन्म लेगे, बड़ी दुर आये है प्यार का तोहफा लाये हैं, विरेन्द्र बहोते ने तेरी प्यारी-प्यारी सुरत को किसी की नजर न लगे, आनंद मोहन मिश्रा ने तेरी आंखों के शिवा दुनिया में रखा क्या है, सपन देवांगन ने क्या हुआ तेरा वादा का गाने को सिटी में गाया। इस दौरान विशाल दुबे, दीनबंधु रथ, सागर देवरे, अर्पित मिश्रा, आनंद मोहन मिश्रा, संतोष जोशी, निर्मल सोनी, झरना बांगर सिंह, सरिता सतपथी,कृष्णा नंद झा, विद्याधर पांडे, संजय जयसवाल, अजीम मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# निक्षय निरामय कार्यक्रम की हुई समीक्षा, प्रशिक्षण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

निक्षय निरामय कार्यक्रम की समीक्षा, प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई। मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर के निर्देश उपरांत छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना निश्चय निरामय, जांच एवं उपचार, 100 दिवसीय कार्यक्रम की समीक्षा, प्रशिक्षण बैठक महारानी अस्पताल के परिसर में शाहिद गुंडाधूर हाल में संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में कार्यक्रम के रिपोर्टिंग में आ रही परेशानियों के बारे में ब्लॉकों से आए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ब्लॉक, डाटा मैनेजर ब्लॉक प्रशिक्षण अधिकारी, खंडप्रसार प्रशिक्षण अधिकारी, एसटीएलएस, एसटीएस, एनएमए, एमटीएस नॉट साइड लेफ्ट टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्निशियन आदि शामिल रहे। प्रशिक्षण में डॉ. मनीष मसीह टीबी कंसलटेंट डब्ल्यूएचओ द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम के रिपोर्ट फॉर्मेट में आ रही तकनीकी परेशानियों से अवगत कराते हुए उसके सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण में डॉ. वीरेंद्र ठाकुर नोडल अधिकारी कुष्ठ एवं आईडीएसपी, डॉ. सी. मैत्री जिला टीकाकरण अधिकारी, कमलेश वर्मा जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर टीबी, बसंत पांडा जिला कंसलटेंट मलेरिया, राजेंद्र माली आदि उपस्थित रहे।

# अंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में मंगलवार को कोंग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा शहर के अंबेडकर वार्ड में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में बाबा साहब अमर रहे के नारों के साथ संविधान सम्मान पदयात्रा निकाली गई। यात्रा वार्ड का भ्रमण कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुई।



शहर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि बीजेपी शुरू से ही संविधान विरोधी, दलित विरोधी और अंबेडकर विरोधी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जो कहा वो उनकी सोच को प्रदर्शित करता है। जो कि बेहद निंदनीय है। आरएसएस ने 50 साल तक देश का झंडा अपने मुख्यालय पर नहीं लगाया। भाजपा के लोग बार-बार बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान को समाप्त करने की बात कह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी इसकी निंदा करती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा लिया जाए और प्रधानमंत्री देश से माफी मांगें। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता बाबा साहेब के अपमान का बदला लेने के लिए एकजुट है। जब तक अमित शाह को पद से हटा नहीं दिया जाता और वो पूरे देश से माफी नहीं मांग लेते, तब तक कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

इस दौरान कैलाश नाग, अंजना नाग, अभिषेक गुप्ता, खेमराज सेठिया आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के हाथों सिविल सर्जन ने पुरस्कार पाया

# महारानी अस्पताल को मिला कायाकल्प योजना में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महारानी जिला अस्पताल को स्वच्छ अस्पताल योजनांतर्गत कायाकल्प पुरस्कार वर्ष 2023-24 में कॉन्सीटेन्सी श्रेणी में राज्य स्तर के समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया।



स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अंतर्गत कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 17 जिला अस्पतालों 44 सिविल अस्पतालों 49 शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 308 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 933 आयुष आरोग्य मंदिर का कायाकल्प मूल्यांकन किया गया जिसमें जिला अस्पताल की सूची में महारानी अस्पताल प्रथम स्थान पर एवं लगातार दूसरे वर्ष (2023-24) भी स्वच्छता और स्वच्छता के उच्च मानकों के लिये सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं अंतर्गत कॉन्सीटेन्सी श्रेणी में मानको की निरतंरता बनाये रखने में खरा उतरा है।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा महारानी अस्पताल के 17 विभागों को 12 जुलाई 2023 से 11 जुलाई 2026 तक मान्यता प्राप्त है। इस योजना के तहत दिल्ली से 3 वरिष्ट राष्ट्रीय मूल्यांकनकत्ताओं द्वारा चिकित्सालय में 3 दिवस तक निरीक्षण किया गया था।

महारानी अस्पताल में उच्च श्रेणी की गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुविधाएं हेतु उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर के मापदंड लक्ष्य एवं मुस्कान योजनांतर्गत मान्यता प्राप्त है।

कायाकल्प योजना उप-विभागीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के तहत स्वास्थ्य तथा कल्याण केंद्र जिन्होंने उच्च स्तर की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण पर नियंत्रण पाया है, उन्हें इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है।

इसका उद्देश्य ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रोत्साहित कर उनकी पहचान करना जो कि स्वच्छता और संक्रमण पर नियंत्रण के लिये मानक प्रोटोकॉल का पालन कर अनुकरणीय कार्य करना हैं. साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता, साफ-सफाई और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज हास्पिटल रायपुर के अटल बिहारी बाजपेई ऑडोटोरिम मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए सम्मान समारोह में महारानी अस्पताल जगदलपुर से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, विशेषज्ञ चिकित्सक, अस्पताल सलाहकार एवं मेट्रन ने पुरस्कार प्राप्त किया।

**टीम वर्क से हासिल की यह उपलब्धि**

सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद ने बताया कि कायाकल्प की तैयारी हमने पूर्व से ही आरंभ कर दी थी, चुकि मूल्यांकन की प्रकिया 3 चरणों मे होती है अतः हमने सर्वप्रथम अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम बनायी जिसमें चिकित्सको प्रभारी इंचार्ज सिस्टर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अपनी अहम भूमिका निभायी, साथ ही सभी विभागो के विभागाध्यक्षो को भी जिम्मेदारियां दी गयी, यह एक सतत प्रकिया है जो कि टीम वर्क से ही पूर्ण हो पायी है।

# बैंक से बिजनेस लोन लेने वाला युवक हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बैंक से बिजनेस लोन लेकर आत्मनिर्भर होने का प्रयास कर रहा बेरोजगार युवक ऑनलाईन ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात

- **बैक का मैनेजर बताकर मोबाईल में भेजा लिंक, फिर मोबाईल हेक कर निकाल लिए 2 .50 लाख**
- **बोधघाट थाना में मामला दर्ज, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश**

मोबाईल धारक ने पहले उसे मोबाईल पर लिंक भेजा फिर मोबाईल हैक कर बैंक से मिले लोन की राशि में 2.50 लाख रूपए आनलाईन ट्राजेंक्शन कर ठगी कर लिया। युवक का जब तक इसका पता लगता उसके खाते से राशि निकल चुका था। पिड़ित युवक ने इसकी शिकायत बोधघाट थाने में दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में लग गई है।



ऑनलाईन ठगी के शिकार युवक राहुल झा निवासी गीदम नाका राजेन्द्र नगर वार्ड ने बताया कि वह ड्रायवरी का काम करता है 20 नवम्बर की शाम उसके मोबाईल में कॉल आया। कॉलर ने अपना नाम राकेश कुमार बताते हुए कहा कि वह एक्सिस बैंक का मैनेजर है। आपका डेबिट कार्ड का वैधता अगले महिने खत्म हो रहा है जो कि आपके घर अगले महिने गया डेबिट कार्ड पहुंच जायेगा जिसके लिये मेरा फोटो, और जन्मतिथि की जानकारी पुछते हुए मुझे विडियो काल करके मेरा फोटो ले लिया और मुझे एक लिंक भेजा।

अगले दिन वाहन में पेट्रोल डलवाने के दौरान फोनपे काम नहीं कर रहा था जिसके बाद इसकी जानकारी कस्टमर केयर से लिया तो पता लगा कि खाते से अज्ञात आरोपी ने 2.50 लाख रूपए ठगी कर खाते से पार कर दिया था।

धोखाधड़ी का पता लगते ही इसकी शिकायत पिड़ित द्वारा बोधघाट थाने में दर्ज कराई गई।

### 5 लाख के बिजनेस लोन से ढाई लाख पार

पिड़ित युवक राहुल झा ने बताया कि उसने बैंक से 5 लाख रूपए बिजनेस लोन लिया था अब उसके खाते से ढाई लाख रूपए आनलाईन ट्रान्जेक्सन कर ठगी कर लिया गया है। बोधघाट पुलिस ने पिड़ित युवक की शिकायत पर बीएनएस की धारा (318) (4) 66 डी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## एनसीसी बालिका कैडेट का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आरंभ



**भोंड।** छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल द्वारा एनसीसी का द्वितीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -28 के कैंप कमांडेंट कर्नल प्रवाल, डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल विवेक कुमार एवं सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के अगुवाई में बस्तर संभाग के पांच जिलों के 290 एनसीसी बालिका कैडेटस का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में किया जा रहा है । इस शिविर में कैडेट को सैन्य प्रशिक्षण के साथ देश प्रेम सेवा भाव, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।

### पोटाकेबिन के कर्मचारी पीड़ा लेकर पहुंचे मंत्री केदार से मिलने

# शिक्षा विभाग कर रही अवहेलना, वेतन विसंगति नियमितिकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

हर घर शिक्षा तथा शाला त्यागी नवप्रवेशी आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए संचालित पोटाकेबिनों के कर्मचारियों के साथ शिक्षा विभाग दौहरा व्यवहार करते हुए अवहेलना कर रही है। जिसको लेकर पोटाकेबिन के कर्मचारी जिले के प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ मंत्री केदार कश्यप से मिलकर अपनी पीड़ा व समस्याओं को अवगत कराया।

ज्ञात हो वर्ष 2009-10 से राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों एवं वनांचल क्षेत्रों के लिए पोटाकेबिन संस्थाओं का संचालन शुरू किया गया है। जिसमें सेवा दे रहे सैकड़ों कर्मचारी अनुदेशक शिक्षकों को नियमित कर्मचारी नहीं करते हुए, इन से शिक्षा विभाग सभी कार्य एवं संस्था में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की प्रश्न पत्र जांच, मूल्यांकन, अध्यापन कार्य देखरेख के साथ-साथ सभी कार्य करा रही है। किंतु शिक्षा विभाग डेढ़ दशक से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों की आर्थिक, मानसिक परेशानी से अपनी कोई सरोकार नहीं रख रही है।

इन कर्मचारियों को निर्देश तो हर कार्य के लिए ऐसा दिया जाता है, जैसे कि वर्ग एक शिक्षक हो। ज्ञात हो कि ये कर्मचारी समय-समय पर जिला प्रशासन को भी अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहते है। किंतु इन्हें भृत्य कलेक्टर दर संविदा कर्मचारी से कम वेतन देकर नियमों को दरकिनार कर दिया जाता है।



### सहानुभूतिपूर्वक विचार करने मंत्री केदार से अपील

पोटाकेबिन में सेवा दे रहे कर्मचारी सोमवार को मंत्री केदार कश्यप से मिलकर अवहेलना तथा वेतन विसंगती नियमितीकरण को लेकर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने अपील की है। इस दौरान मंत्री कश्यप ने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों के निराकरण करने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि कर्मचारियों को वर्तमान में मानदेय दस हजार रूपये दिया जा रहा है और वहीं जिला बीजापुर में सेवा दे रहे। इन कर्मचारियों को 12 हजार 500 सौ रूपये मानदेय के रूप में दिया जा रहा है। पोटाकेबिन के कर्मचारी एक शिक्षक से भी अधिक सेवा इन संस्था को देते है।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस, किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कृषि विज्ञान केंद्र गीदम दंतेवाड़ा ने 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में जिले की महिला किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई कृषि तकनीकों से परिचित कराना और उनके योगदान को सम्मानित करना था।

इस अवसर पर केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और समर्पण से ही देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक खेती और जल संरक्षण पर चर्चा की गई एवं किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और खेती में नवाचार अपनाने के सुझाव दिए।

जिले के कुछ प्रगतिशील किसानों को श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। इनमें जैविक खेती, पशुपालन और उद्यानिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले किसान शामिल थे। राष्ट्रीय किसान दिवस का यह आयोजन किसानों के जीवन और खेती के प्रति समर्पण को प्रेरित करने वाला साबित हुआ।

## 23 महिला समूह को 66.50 लाख का मिला लोन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन ग्राम तारागांव में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बस्तर ब्लॉक के विभिन्न विभाग अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी उक्त कार्यक्रम में दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप जनपद अध्यक्ष टिकेश्वरी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान व जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शिविर में जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र ने जानकारी में बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। ग्रामीणों की समस्याओं को शिविर के माध्यम से समाधान करना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश विष्णु की पाती सभी लाभार्थी महिलाओं को वितरण किया गया। शिविर में स्व सहायता समूह बिहान योजना के तहत कुल 23 समूह का 66.50 लाख का लोन वितरण किया गया एवं लखपति दीदी का प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही को विष्णु की पाती चाबी प्रदान किया गया। राशन कार्ड के पांच हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया राजस्व विभाग के द्वारा वन अधिकार पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें फोर्टिफाइट चावल पर सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार के अंतर्गत कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम ए आर राणा, सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, नायब तहसीलदार लखीराम पांडे, बीईओ नाग, एबीईओ, सुशील तिवारी, बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

## ई-ऑफिस के तहत विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा द्वारा समय सीमा की बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस के तर्ज पर जिले के समस्त कार्यालयों में पेपरलेस कार्य किया जाना है, जिसके लिए समस्त विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है। अतः सभी विभाग प्रमुख ई-आफिस से संबंधित तकनीकों से शीघ्र परिचित होवें। क्योंकि भविष्य में सभी विभागीय कार्यप्रणाली ई-ऑफिस के तहत की जानी है।

इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने हेतु विभागों की प्रगति की भी जानकारी चाही। इसके अलावा उनका यह भी कहना था कि स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत प्रतिमाह अभियान 2024 में सभी कार्यालयों में महीने के किसी निश्चित दिन साफ-सफाई कर अपशिष्ट पदार्थों को डिस्पोजल करने के साथ-साथ स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाना निर्देशित है। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने विभागों को टेंडर संबंधी प्रक्रिया को इस माह के अंत तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

## शताब्दी जयंती पर 100 गाने गाकर कलरव के कलाकारों ने सजाई सुरों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संगीत की दुनिया के महान फनकार मो.रफी की 100वीं जयंती पर शहर के म्यूजिकल ग्रुप कलरव के कलाकारों ने लगातार 100 गानें गाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। भारत के सबसे प्रसिद्ध गायकों में से एक मोहम्मद रफी संगीत की दुनिया

- 60 गायक कलाकार और 6 एंकर ने मिलकर गाये गीत
- शाम 4.30 से शुरु होकर रात्रि 9.30 तक फेसबुक लाईव

के एक महान लीजेंड थे। उन्होनें कई दिग्गज फिल्म कलाकारों के लिए सदाबहार हिट गाने गाए है। 24 सितंबर को उनकी सौवीं जयंती के अवसर पर कलरव की टीम ने एक बेहद कठीन फैसला लेते हुए लगातार 100 गाने गाने का प्रण किया और फेसबुक लाईव के माध्यम से शहर के 60 से भी अधिक कलाकारों के साथ महज पांच घंटे में ये कारनामा कर दिखाया।

कलरव के डायरेक्टर अफजल अलि ने बताया कि कलरव का गठन माह अप्रेल में कुछ गैर व्यवसायी, शौकिया, घरेलू व कामकाजी लोगों के समूह ने किया था। लगातार फेस बुक लाईव व स्टेज शो के बाद कलरव ने लोगों के दिलों में जगह बनाई। मोहम्मद रफी साहब की शताब्दी जयंती पर कुछ अलग करने की सोच ने इतना बड़ा कदम उठाने की हिम्मत दी। सोच को धरातल पर सफलता से लाने के लिए पहले शहर के सभी सिंगर्स से संपर्क किया गया फिर लगातार रिहर्सल और कार्ययोजना बनाकर इसे मूर्त रूप दिया जा सका। रफी साहब के गाए हजारों गानों में से प्रचलित गानों का चयन कर फेसबुक के माध्यम से कलाकारों ने इसकी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरूवात शिरडी वाले साईं बाबा गीत के साथ की गई। इसके बाद 5 अलग-अलग स्लाट में 20-20 गानें गाये गए। आज पुरानी राहों में, बदन पे सितारें, तुम मुझे यूं, तुम जो मिल गए हो, तेरी गलियों में, पुकारता चला हूं मैं, दिल का सुना साज, मैंने पूछा चांद से जैसे एक से बढ़कर एक सदाबहार 100 गीतों की प्रस्तुति हुई। इस हेतु लिंक कई दिनों पहले से विभिन्न माध्यमों से लोगो को शेयर किए गए। संगीत आयोजन को मूर्त रूप देने तकनीकी एक्सपर्ट की टीम बनाई गई एवं अलग-अलग ग्रुप का निर्माण कर सबकों जिम्मेदारी सौंपी गई। फेसबुक लाइव शुरु होते ही बस्तर संभाग के साथ साथ छत्तीसगढ़ एवं दिगर राज्यों के संगीतप्रेमी श्रोता लगातार जुड़ते चले गए और आयोजन को सफल बनाया।



## दुर्घटना में कमी लाने वाहन चालकों का हो रहा है नेत्र जांच

**गीदम।** नेत्र परीक्षण सप्ताह का आयोजन 23 से 28 दिसंबर तक गीदम जांच वनोपज नाका के पास शिविर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और वाहन चालकों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं दृष्टि क्षमता की जांच करना है। नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान और समाधान कर सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। नेत्र परीक्षण सप्ताह के दौरान निशुल्क नेत्र परीक्षण, गंभीर दृष्टिदोष वाले मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर करने के साथ ही नेत्र देखभाल से संबंधित परामर्श दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नेत्र स्वास्थ्य की कमी सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। इस प्रकार यह सप्ताह वाहन चालकों को समय पर नेत्र देखभाल सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे सड़क



## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लौट रही खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित गांव में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचार सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है । ज्ञात हो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास की रफ्तार बढ़ाने तथा सुविधाएं पहुंचाने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों एवमं सुरक्षा बलों व कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में नियद नेल्लानर गांव सिलगेर में मोबाइल नेटवर्क का शुभारंभ किया गया है । इस संचार क्रांति से सिलगेर के साथ साथ बिदरे गांव के ग्रामीणों और युवाओं को आधुनिक संचार सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। उल्लेखनीय है कि सिलगेर में टावर की स्थापना नियद नेल्लानार योजना और केंद्र सरकार की यूएसओएफ योजना के तहत की गई है। इस बहुप्रतीक्षित नेटवर्क सेवा का लाभ सिलगेर के साथ आसपास के गांव बिदरे और अन्य मोहल्लों के निवासियों को भी मिलेगा।



## किसान जैविक खाद का उपयोग करें : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कृषक उन्नति योजना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा के सभागार में एक दिवसीय सुशासन दिवस सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जनपद उपाध्यक्ष डमरू नाग, जनप्रतिनिधि चौहान, भूतपूर्व सरपंच परदेसी नाग, मुक्का राम नाग, किसान मित्र धरम नाग तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में जिले के लगभग 200 से अधिक किसानों ने सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कृषि विभाग के उप संचालक पीआर बघेल ने कृषि के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया व रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम से कम करके जैविक खाद का उपयोग करने कहा। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख एचएस तोमर ने रबी फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही बैंगन, टमाटर एवं अन्य सब्जियों के उत्पादन तकनीक के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान की। पौध रोग विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने रबी फसलों में लगने वाले बीमारियों व उसके प्रबंधन के बारे में किसानों को सचेत रहने की शिक्षा प्रदान की।

इसी तारतम्य में छिंदगढ़ विकासखण्ड में भी सुशासन दिवस के अवसर पर कृषक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर प्रगतिशील कृषकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं उन्नत कृषि की जानकारी देकर लाभदायक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में मनोज दूधी समिति अध्यक्ष ,जनप्रतिनिधि चिरजिवी मांडवी छिंदगढ़, अमर पोयम, देवाराम, सरपंच गंजेनार, सोमाराम सरपंच चिपुरपाल आयताराम, रामलाल ध्रुव उपस्थित थे।



## वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण से सक्षम बन रही मटनार की उत्पादक समूह की दीदियां

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड अंतर्गत मटनार की महिला स्व सहायता समूह की दीदियां गांव और समीपस्थ हाट-बाजार में वनोपज संग्रहण करने के साथ ही उसका प्रसंस्करण कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। इस उत्पादक समूह की सदस्य महिलाएं अपने इस कार्य को पूरी लगन एवं मेहनत से कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने की ओर अग्रसर हैं। उत्पादक समूह की दीदी रेखा पांडे बताती हैं कि अपने गांव तथा आसपास के हाट-बाजार में विभिन्न समूह सदस्यों के द्वारा ईमली एवं मक्का उत्पादन का कार्य किया जाता है इसलिए उपरोक्त उत्पाद को खरीदी-बिक्री करने के लिए कृषक कल्याण उत्पादक समूह का गठन किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार उपाध्याय पिता एस.पी. उपाध्याय निवासी दलपत सागर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने पुत्री कु. सृष्टि उपाध्याय निवासी दलपत सागर वार्ड जगदलपुर का जन्म दिनांक 25/07/2003 को निवास स्थान शहर दलपत सागर वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदक किसी कारण से अपने पुत्री का जन्म तिथि 25/07/2003 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने पुत्री का शासकीय कार्य के लिये जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 03/01/2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 20-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

## जिले में अब तक 2.43 लाख क्विंटल धान की हुई खरीदी

**सुकमा।** समर्थन मूल्य पर जिले के किसानों से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। धान उपार्जन हेतु जिले में 24 केन्द्र बनाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर की स्थिति में जिले के लगभग 4 हजार 559 पंजीकृत किसानों से 2 लाख 43 हजार 52 क्विंटल धान की खरीदी किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र एर्राबोर में 4609.20 क्विंटल, कुकनार में 9324 क्विंटल, केरलापाल में 18405.20 क्विंटल, कांजीपानी में 4863.20 क्विंटल, कोडरीपाल में 12804.80 क्विंटल, कोंटा में 9929.20 क्विंटल, गादीरास में 13121.60 क्विंटल, मानकापाल में 743.20 क्विंटल, किस्टाराम में 7856.80 क्विंटल, गोलापल्ली में 7668.80 क्विंटल, चिंतागुफा में 506 क्विंटल, छिंदगढ़ में 14313.60 क्विंटल, बिरसठपाल में 16727.20 क्विंटल, जगरगुण्डा में 00 क्विंटल, चिड़पाल में 7951.60 क्विंटल, तोंगपाल 13249.20 क्विंटल, दोरनापाल में 7614.40 क्विंटल, नेतानार 17114.40 क्विंटल, पुसपाल 11714.80 क्विंटल, पोलमपल्ली में 1489.20 क्विंटल, गुडरा में 12249.20 क्विंटल , मुड़पल्ली में 6678.80 क्विंटल, कुंदनपाल में 2634.80 क्विंटल , सुकमा में 34572.80 क्विंटल और धान उपार्जन केंद्र सोना कुकानार में 6910 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। इसी प्रकार जिले में धान का उठाव 16 हजार 820 क्विंटल हुआ है। जिला प्रशासन के द्वारा धान उठाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।


घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर MD आयुर्वेद (पुणे)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


बड़ा दिन एवं नए वर्ष की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
MERRY CHRISTMAS
HAPPY NEW YEAR
2025
याकूब जॉन
केटरिंग सर्विस
नयामुण्डा मिशन स्कूल के पास, जगदलपुर, मोबाइल: 9424270485


CHRIST COLLEGE
JAGDALPUR
(Affiliated to Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Merry Christmas
&
Happy
New Year
Courses Offered
M.Sc. (Chemistry)
B.B.A./B.C.A./M.Com./M.S.W.
M.Sc. (Botany) M.Sc. (Maths)
B.Ed., D.Ed., DCA, PGDCA
B.Com. (Computer Application)
M.Sc. (Comp. Sc.), M.Sc. (Biotech)
B.Sc. (Comp.Sc./Biotech./
Microbio./PCM)
Geedam Road, Jagdalpur, Dist.- Bastar C.G.
Ph: 07782 222380/226750.
Website: www.christcollegejagdalpur.in
Email: principal_christcollege@yahoo.in


क्राईस्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Recognized by Indian Nursing Council New Delhi.C G Nursing Council, Raipur. Approved by Govt. of Chhattisgarh,
Affiliated to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences and Ayush University
Merry Christmas
Happy New Year
Admission &
Registration Start
For Session 2025-26
B.Sc. NURSING
(4 YEAR DEGREE COURSE)
जयपुर रोड, नकटी सेमरा, स्टेशन रोड, ग्राम- नकटी सेमरा,
आड़ावाल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)
9827946906, 8871710502


M.G.M.
Hr. Sec. School
Affiliated with C.G.B.S.C. Board, REG NO. 532016
Merry Christmas
& HAPPY NEW YEAR
2025
ADMISSION OPEN
From Nursery to Class XII
FREE ADMISSION FOR
NURSERY,
LKG, UKG
Audio Visual & Play Method & Teaching.
Qualified & Experienced Teaching Staff.
Remedial Classes for slow learners.
Well Furnished Classroom.
Extracurricular Activities.
Smart Board Classrooms.
Music & Dance Classes.
Judo Training Class.
Well Equipped Labs.
Bus Facility.
PLAY SCHOOL.
Dharampura, Jagdalpur, Ph: 07782 229590
Web: www.mgmjdp.com, principalmgmschool.dharampura@gmail.com


24X7
Casualty
SMC MPM
CARDIAC CENTRE
BASTAR REGION
1st CARDIC CATH LAB
Facilities
24 Hour Pharmacy
Ambulance Service
Ayushman Bharat
Blood Centre
Cath Lab
C-arm
Dental Care
Department ICU
Dialysis
Digital X-Ray
ECG
ECHO
Fully Computerized Lab
Laparoscopy Surgery
Modern Eye Surgery
NICU
Physiotherapy
Private Room Ac/Non-AC
Sonography
Ultra Sound
एम.पी.एम.हॉस्पिटल
Wish you Merry Christmas
&
Happy New Year
MPM BLOOD CENTRE
LICENCE NO.
CG/28-C-104/2023
JAGDALPUR(C.G.)
A Unit Of Shanti Service Society
To Live the Life in Its Fullness
MPM HOSPITAL
Aghanpur, Jagdalpur Chhattisgarh 494001, Contact : (07782) 229030, 8109229030
Web : www.mpmhospitaljagdalpur.com, E-mail: mpmhospital@gmail.com